दिनांकः 09.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ सालों में देश का स्वास्थ्य ढांचा काफी मजबूत हुआ है। आज बजट उपरांत आयोजित वेबिनार **'सबका साथ–सबका विकास : जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति'** को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

....

शिक्षा, रोजगार और उद्यम के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। यह कहते हुए कि भारत नवाचार–संचालित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान–आधारित शिक्षा के केंद्रों में बदलने का आहवान किया।

000

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर आज जयपुर दौरे पर हैं। उन्होंने आरपीएफ कर्मियों के लिए आयोजित **मानव तस्करी विरोधी** कार्यक्रम में शिरकत की। वे इस समय राजस्थान पुलिस अकादमी सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कर रही हैं।
श्रीमती राहटकर का पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम है। श्रीमती राहटकर जवाहर कला केन्द्र में आयोजित शक्तिवंदन कार्यक्रम में भी भाग लेंगी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आयोग ने जनसुनवाई की देशव्यापी पहल की है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना और उनकी समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

....

000

राज्य में गर्मी के इस सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। कल पिलानी में अधिकतम तापमान 40 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। वहीं बाड़मेर और बालोतरा में भी तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड हुआ और दिनभर गर्म हवाओं का दौर चला। बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और फलौदी में भी हल्की हीटवेव का असर देखने को मिला। इसके अलावा जयपुर, अजमेर और कोटा सहित 15 से अधिक शहरों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। मौसम विभाग ने जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा के लिए आज और कल हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अगले एक सप्ताह के दौरान तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

000

जयपुर में चल रहे तीन दिवसीय मैत्री क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। ये मैच आईएएस एकादश और विधायक एकादश के बीच होगा। कल देर शाम एसएमएस स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में आईएएस एकादश ने विधानसभा कर्मचारी एकादश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस दौरान टेस्ट क्रिकेटर हरभजन सिंह भी मैदान पर आए और खिलाड़ियों से मुलाकात की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000